Oneindia

**सावधान! सहारनपुर से लेकर देहरादून तक नकली पनीर का काला कारोबार, पुलिस ने किया भांडाफोड, 16 क्विंटल 720 बरामद**

देहरादून पुलिस को चार धाम यात्रा शुरू होने से पहली बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने चार धाम यात्रा में सप्लाई होने के लिये सहारनपुर से आये 720 किलो नकली पनीर को बरामद किया है। दून पुलिस ने नकली पनीर की कालाबाजारी में लिप्त 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

अभियुक्तों ने पुलिस को पूछताछ में सहारनपुर स्थित फैक्ट्री में नकली पनीर के तैयार होने व उसकी सप्लाई करने की जानकारी मिली है। जिसके बाद एसएसपी अजय सिंह की सूचना पर मण्डलायुक्त खाद्य सुरक्षा विभाग के नेतृत्व में टीम द्वारा सहारनपुर स्थित नकली पनीर फैक्ट्री में छापेमारी कर 16 क्विंटल नकली पनीर व अन्य सामग्री को बरामद किया।

Read more at: https://hindi.oneindia.com/news/uttarakhand/saharanpur-to-dehradun-be-careful-black-business-fake-cheese-police-busted-16-quintal-720-recovere-1282315.html